## खबर संक्षेप

### स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा आज आएगी

**माखन नगर ।** फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा निकाली जा रही है जिसका शनिवार दोपहर 11:00 बजे आगमन माखन नगर मे हो रहा है संयुक्त व्यापारी संघ के पदाधिकारी ने बताया स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का उद्देश्य स्वदेशी अपनाएं भारत को स्वावलंबी बनाएं इसके लिए जन जागरण करना है विधायक विजयपाल सिंह एवं नगर परिषद अध्यक्ष रीना आकाश तिवारी संकल्प रथ यात्रा में शामिल होंगे यात्रा गायत्री मंदिर से प्रारंभ होगी एवं माखनलाल चतुर्वेदी की प्रतिमा स्थल पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा।

### मेंटेनेंस के चलते बिजली रहेगी 3 घंटे बंद

**नर्मदापुरम।** प्रबंधक (शहर) जोन-1, मप्रमक्षेविविकंलि नर्मदापुरम ने बताया कि शनिवार 27 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक रसूलिया फीडर लाईन पर मैंन्टेनेंस किया जाना है। जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 केव्ही फीडर, रसुलिया अंतर्गत प्रभावित क्षेत्र विक्रम नगर, सरस्वती नगर, कंचन नगर आदि शामिल हैं।

### विश्वकर्मा पुराण का आयोजन 28 से

**सेमरी हरचंद।** सेमरी हरचंद नगर के पशुपतिनाथ मंदिर पशु चिकित्सालय प्रांगण में 28 दिसंबर से विश्वकर्मा समाज एवं श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज समिति द्वारा 10 बजे कलश यात्रा के आयोजन के साथ संगीतमय विश्वकर्मा पुराण प्रारंभ होगा। जिसमें कथा व्यास पंडित दीपक जी महाराज मारागांव के मुखारविंद से दोपहर 1 बजे से शाम 4 तक संगीतमय विश्वकर्मा पुराण कथा का आयोजन होगा।






# रंगारंग कार्निवल के साथ हुई उत्सव की शुरुआत, सड़कों पर उतरा मिनी इंडिया, आदिवासी लोक नृत्य से लेकर धार्मिक झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की रानी शुक्रवार से चार दिवसीय पचमढ़ी उत्सव के रंग में सराबोर हो गई है। दोपहर से ही पचमढ़ी उत्सव की झलिकयां नजर आने लगी थी जिसमें मुख्य आकर्षण आदिवासी समुदाय की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक दिखी वहीं शाम को कंपाने वाली ठंड के बीच उद्घाटन समारोह गणेश वंदना ऑर्केस्ट्रा संगीतकारों की टीम द्वारा बॉलीवुड नृत्य प्रदर्शन तथा नए पुराने गानों की प्रस्तुति से हुआ।



### उत्सव में प्रमुख आकर्षण

कार्निवल में विविध प्रकार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इसमें एक ओर जहां आदिवासी समुदाय की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक दिखी, वहीं दूसरी ओर धार्मिक झांकियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं दूसरी ओर उत्सव के पहले ही दिन भारी संख्या में पर्यटक पचमढ़ी पहुंचे। डीजे की धुन पर क्या बच्चे, क्या बड़े और क्या विदेशी सैलानी सभी झूमते नजर आए। दिन भर मेला सा लगा रहा और पचमढ़ी गुलजार रही।

### स्थानीय सहभागिता

शहरवासियों ने गर्मजोशी के साथ कार्निवल का स्वागत किया, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना हुआ है। कार्निवल की इस भव्यता के बाद आज से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मुख्य श्रृंखला शुरू होने जा रही है।



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन व केंट सीईओ राहुल गजभिए ने हरी झंडी दिखाकर पचमढ़ी महोत्सव एवं आकर्षक कार्निवाल का शुभारंभ किया।

### नेशनल और स्टेट हाईवे पर अभी भी सैंकड़ों गोवंश आवारा घूमते मिल जाएंगे

# गोवंशों के अवैध परिवहन में शामिल वाहन होगे राजसात, 6 पर कार्रवाई

गोवंश अवैध परिवहन करने वाले वाहनों को जिला दंडाधिकारी ने राजसात करने के निर्देश जारी किए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गोवंशों के अवैध परिवहन में शामिल वाहनों को राजसात करने के आदेश गुरूवार को कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी सोनिया मीना ने पारित किए है। जिसके तहत मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध (संसोधन)अधिनियम 2004 की धारा 11(5) के तहत गौवंशों के अवैध परिवहन में शामिल चार वाहनों को शासन पक्ष में अधिग्रहण/राजसात करने के आदेश पारित किए हैं।



### स्टेट हाईवे पर बस 'मवेशी राज'

सोहागपुर। नर्मदापुरम-पचमढ़ी स्टेट हाईवे पर भटकते निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं में पहुंचाने का निर्णय दो माह पहले जिला प्रशासन ने लिया था। लेकिन अभी भी मवेशी स्टेट हाईवे पर भटकते हैं। मामले में जिले के अधिकारियों के अधीनस्थों की लापरवाही है जो फील्ड पर काम नहीं करते हैं। नागरिकों के अनुसार निराश्रित मवेशियों को गोशाला पहुंचाने का अभियान फोटो निकलवाने तक सीमित रहा और अब स्टेट हाईवे पर मवेशी बैठे देखे जा रहे हैं। स्थिति यह है कि स्टेट हाईवे पर 'मवेशी राज' के यातायात नियमित बाधित होता है।

### 6 वाहनों को किया राजसात

जिले से नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे गुजरते हैं जहां की सड़कों पर सैंकड़ों की संख्या में आवारा गोवंश दिखाई देते हैं। जिसमें से कई की तो मौत वाहनों की टक्कर से हो जाती है तो कई भूख प्यास के कारण दम तोड़ देते हैं। हादसों में घायल गोवंशों का संरक्षण करने वाली गौशाला संचालकों का कहना है कि कई मवेशियों को चोरीकर असमाजिक तत्व ले जाते हैं। इधर संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम ने बताया कि उक्त आदेशानुसार कलेक्टर सोनिया मीना ने 06 गौवंश के परिवहन करते हुए वाहन मालिक कमल पिता रामसिंह यादव ग्राम आंखमउ तहसील माखननगर के वाहन पिकअप एमपी 05 जी 6400 से 46 गौवंश के परिवहन करते हुए वाहन मालिक अजय बोरासी पिता राजेश बोरासी दादरा एवं नगर हवेली (यूटी) के वाहन आयसर ढक डीडी 01 टी 9744 से 5 गौवंश के परिवहन करते हुए वाहन मालिक कमलसिंह पिता स्व. रामसिंह यादव ग्राम आंखमउ तह. माखननगर के वाहन पिकअप, एमपी 05 जी 6400 तथा 4 गौवंश के परिवहन करते हुए वाहन मालिक राजू इवने पिता सोनू इवने ग्राम पाटाखेडा थाना चिचोली जिला बैतूल के वाहन पिकअप एमपी 48 जी को अधिहरण/राजसात करने के आदेश पारित किए है।

# प्रगतिरत व पूर्ण कार्यों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



जल जीवन मिशन की प्रतिरत तथा पूर्ण योजनाओं के कार्यों का गत दिवस सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने निरीक्षण किया है। इस दौरान उन्होंने योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जरुरी निर्देश भी संबंधित विभाग सहित ग्रापं को दिये हैं। जानकारी अनुसार संबंधित योजनांतर्गत निर्मित होकर पंचायतों को हस्तांतरित नल जल कार्यों के संधारण नीति के लिए तीन सदस्यीय टीम को निरीक्षण का दायित्व दिया गया है। तथा दल के साथ अविअ प्रियंका भल्लावी द्वारा ग्राम छेड़का एवं हथनावड़ की नल जल योजनाओं का निरीक्षण गत दिवस किया गया है। निरीक्षण के दौरान कनेक्शन धारकों से सुचारु रूप से पेयजल प्रदाय एवं जल कर आदि के बारे में भी भल्लावी ने चर्चा की। ग्राम छेड़का में ग्रापं सचिव को पंप ऑपरेटर नियुक्त कर योजना को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया है। ग्रामों के भ्रमण दौरान एसडीएम के साथ सीईओ जपं सोहागपुर प्रबल अरजारिया, सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सोहागपुर यतेंद्र छारी, सहायक यंत्री जनपद पंचायत सोहागपुर सुनीता वर्मा उपस्थित रहे।

### सचिव को नोटिस

ग्राम हथनावड़ की नल जल योजना विगत एक वर्ष से ना चलने के संबंध में सचिव ग्राम पंचायत पामली को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। ग्रामीणों ने चर्चा में एसडीएम को बताया कि मोटर खराब होने के बाद यह नहीं सुधरवाई गई है। चूंकि योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित की जा चुकी है, अतः यह जिम्मेदारी ग्राम पंचायत सचिव की थी और सचिव द्वारा जिम्मेदारी ना निभाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है। पीएचई एसडीओ यतेंद्र छारी ने बताया कि हथनाबड़ ग्राय के सभी 23 नल कनेक्शनों में पानी पहुंचता है।पीएचई एसडीओ यतेन्द्र छारी ने बताया कि हथनावड़ में सभी नल कनेक्शन में पानी पहुंचता है। मोटर ही खराब है, जिसके कारण पानी नहीं मिल रहा है। मोटर सुधार का दायित्व ग्राम पंचायत का है।

# प्रशासन के आश्वासन के बाद पचमढ़ी बचाओ संघर्ष समिति का आंदोलन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



पचमढ़ी ईको सेंसिटिव जोन और जोनल मास्टर प्लान को लेकर चल रहा विरोध प्रदर्शन प्रशासन के सकारात्मक रवैये के बाद फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। शुक्रवार को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय संचालक कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक पत्र के बाद समिति ने यह निर्णय लिया।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के उप-संचालक द्वारा जारी पत्र (क्रमांक 10316) में संघर्ष समिति को स्पष्ट आश्वासन दिया गया है कि जोनल मास्टर प्लान का हिंदी अनुवाद जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा ताकि स्थानीय नागरिक इसे बेहतर तरीके से समझ सकें। इसके बाद पुनः आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे। जिसके बाद वर्तमान प्रस्तावित मास्टर जोनल प्लान के अंतिम प्रकाशन की कार्यवाही को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

10 जनवरी 2026 से पहले क्षेत्रीय संचालक, अन्य संबंधित विभागों, जनप्रतिनिधियों और संघर्ष समिति के सदस्यों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें ईको सेंसिटिव जोन की समस्याओं का समाधान खोजा जाएगा।

पचमढ़ी बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि प्रशासन द्वारा लिखित आश्वासन मिलने और मांगों पर सहमति बनने के कारण आंदोलन को स्थगित किया जा रहा है। समिति ने इस मुहिम में सहयोग करने वाले सभी नागरिकों और व्यापारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला जलाया

### किया विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार एवं जलाकर मारने के विरोध में विश्वहिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला जलाया गया। एवं नारेबाजी की गई। इस अवसर पर बजरंग दल के दिनेश शर्मा, आलोक मिश्रा,प्रशांत सोनी, आशीष साहू,संतोष अग्रवाल, रामराज जांगड़े, सूरज मालवीय, संतोष परसाई,जीतू थापा, अक्षय तिवारी ,ललित चौबे, शिवपाल,सहित बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय बाक्सिंग विजेता खिलाड़ी पुरस्कृत

**सीहोर।** 42 वी पुरुष एवं 8 वी महिला यूथ/सिनियर राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता 2025, जो कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सीहोर जिले के बाक्सरों ने अपने-अपने वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर दो सिल्वर एक ब्रांज मेडल प्राप्त किये। सीहोर बॉक्सिंग टीम कोच आनंद पंसोरिया एवं आवासीय खेल-कूद परिसर के बॉक्सिंग कोच अंकित गुप्ता ने बताया कि खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन करने पर सीहोर जिले के सभी खेल संघों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बधाई दी है। जिनमें प्रमुख रूप से कलेक्टर के.बाला गुरु, विधायक सुदेश राय, खेल अधिकारी रूबिका दीवान, वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर आदि मौजूद रहे।

# संतोष अग्रवाल बने मारवाड़ी वैश्य मंडल के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शुक्रवार को मारवाड़ी वैश्य मंडल की बैठक संतोष अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। बैठक में मारवाड़ी वैश्य मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से संतोष अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया मंडल के उपाध्यक्ष राजेश टावरी ,सुनील जैन , दुर्गेश खंडेलवाल राजेश अग्रवाल सचिव उल्लास पटनी सहसचिव सोनू खंडेलवाल कोषाध्यक्ष राकेश माहेश्वरी को नियुक्त किया गया। साथ ही नवयुवक मारवाड़ी वैश्य मंडल माखन नगर का भी गठन किया गया है।जिसमें सर्वसहमति से युवा अध्यक्ष दीपक खंडेलवाल उपाध्यक्ष आकाश गर्ग, विवेक खंडेलवाल,आयुष सेठी, अमन लड्डा, सचिव यश गोलछा सहसचिव आकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष प्रखर अग्रवाल को नियुक्त किया गया।

# समेरिटंस में मोती उत्पादन को लेकर हुई कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस विद्यालय सांदीपनि परिसर में चल रहे कौशल विकास कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बच्चों को मोती उत्पादन की जानकारी जिले के मोती उत्पादक अमित बामोरिया ने दी। उन्होंने बताया कि आप मोती की खेती अपने घर में, छत पर या बालकनी में भी कर सकते हैं। इसके माध्यम से आप आराम से 10 से 15 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसको करने के लिए आपको अधिक स्थान की आवश्यकता भी नहीं है और अधिक लगत भी नहीं आती। आप अपने घर के एक्वेरियम में भी मोती का उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों को मोती की खेती के लिए अनिवार्य आवश्यकताओं और सावधानी के बारे में भी जानकारी थी। उन्होंने यह भी बताया कि इसके साथ ही आप पानी की सतह पर खेती और स्टीविया की खेती करके भी अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते हैं।

## जिले में मनाया गया वीर बाल दिवस, आयोजन हुए

# एनएसएस के कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा साहिबजादों के गुणों को विद्यार्थियों को अपने में समाहित करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शुक्रवार को वीर बाल दिवस पर रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल के द्वारा कक्षा 9 वीं कि छात्राओं को ब्लेजर एवं कक्षा केजी वन से कक्षा 8 वीं कि छात्राओं को स्वेटर वितरित की गयी। जिसमें 275 छात्राओं को स्वेटर ब्लेजर वितरण किया। इस कार्यक्रम मे रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल के अध्यक्ष समाजसेवी अनुपम दुबे साथ ही कॉलोनाइज़र कि टीम मौजूद रही। साथ ही सचिव प्रशांत नागर,वरिष्ठ व्यापारी प्रदीप गिल्ला,आमीन राइन, विपिन जैन, रूपेश फौजदार, महावीर जैन, मुकेश राजपूत द्वारा सहयोग स्वरूप कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम सांदीपनि विद्यालय सुखतवा कि प्रायमरी विंग में आयोजित किया गया। जिसमे विशेष सहयोग साँवरिया ग्रुप के डायरेक्टर रोटेरियन आयुष चौकसे का रहा। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष केसला मंडल सुशील बरखड़े, पूर्व मंडल अध्यक्ष और साहू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक साहू, मण्डल महामंत्री अजय साहू और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



### माखननगर में भी मनाया गया वीर बाल दिवस



**माखननगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ.राजकुमार पटवा ने कहा कि साहिबजादों के गुणों को विद्यार्थियों को अपने अंदर समाहित करना चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में रासेयो जिला संयोजक प्रो. डी.एस. खत्री ने कहा कि सिख धर्म वास्तव में सनातन का ही शुद्ध रूप हे जो हमें त्याग और बलिदान सीखता हे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ.आई .एस .कनेश , डॉ.क्षमा मेहरा, डॉ.आकांक्षा यादव,प्रो.सुषमा यादव,प्रो.शिवानी मालवीय,प्रो.सुमन अवस्थी के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

क्षेत्र के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने मतदान केंद्र पर भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनका जन्मदिन मनाया गया। भाजपा कार्यालय में रंगोली प्रतियोगिता प्रदर्शनी लगाई गई। पचमढ़ी रोड पर स्थित एक निजी गार्डन में भी भाजपा सरकार के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी,नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल, महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, जिला पूर्व अध्यक्ष माधव दास अग्रवाल,राजा भैया पटेल सुजीत रघुवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी सांसद दर्शनसिंह पूर्व जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंदराय पवन वालिया महिला मोर्चा सहितसंगठन के सहित अन्य सभी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारा सिंह सभा पाथाखेड़ा में शहादत दिवस मनाया

**सारनी।** वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा पाथाखेड़ा में सिख पंथ के दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों साहिबजादे जोरावर सिंह जी एवं फतेह सिंह जी की शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर को बाल दिवस के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा पाथाखेड़ा के ज्ञानी जी द्वारा वीर बालकों के शहीदी दिवस पर उनके त्याग साहस और बलिदान के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मात्र 9 एवं 6 वर्ष की अल्पायु में साहिबजादों ने मुगल आक्रांताओं के समक्ष अपने धर्म और स्वाभिमान की रक्षा करते हुए अद्वितीय शहादत दी, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर साहिबजादों का बलिदान राष्ट्र की आत्मा में साहस त्याग और धर्मनिष्ठा का प्रतीक है वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित कर साहिबजादों की शहादत को चिरस्थायी सम्मान दिया गया है, जिससे देश की युवा पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सकेगी। कार्यक्रम का समापन गुरु महाराज से राष्ट्र की एकता अखंडता एवं समृद्धि के लिए अरदास के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, विधायक प्रतिनिधि जगदीश आहूजा, भीम बहादुर थापा, सारनी भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोलू राजपूत, मंडल महामंत्री नन्हे सिंह, सहित सभी जैष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### श्रद्धालुओं की कार पलटी, 3 घायल

**बैतूल।** रायपुर से उज्जैन महाकाल लोक के दर्शन करने जा रहे 5 दोस्तों की कार शुक्रवार को बैतूल में भीषण हादसे का शिकार हो गई। बैतूल बाजार थाना क्षेत्र में ठनेर ब्रिज के पास रॉन्ग साइड से आ रहे एक ट्रक को बचाने के चक्कर में कार बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में 3 युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। कार की हालत देखकर हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हादसे में आयुष शुक्ला, मौर्य तिवारी और बौद्धिक शर्मा घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा चोट आयुष शुक्ला को आई है। उनके सिर में गंभीर चोट है और कान से खून बह रहा था। जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. रूपेश पद्माकर ने बताया कि आयुष का हिप अपनी जगह से खिसक गया है। उनका सीटी स्कैन कराया जा रहा है। वहीं, मौर्य और बौद्धिक का भी इलाज जारी है। घायल आयुष ने बताया कि वे सभी खुशी-खुशी रायपुर से उज्जैन जा रहे थे। हाईवे पर अचानक सामने से एक ट्रक गलत दिशा में आ गया। उसे देखकर जैसे ही जोर से ब्रेक लगाए, कार का बैलेंस बिगड़ गया और वह पलट गई।

### बोर्ड परीक्षाओं में जिले से शामिल होंगे 10वीं और 12वीं के 34278 परीक्षार्थी

# फरवरी में परीक्षाओं का महाकुंभ संवेदनशील की श्रेणी में 11 केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**इस साल कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी 2026 से शुरू हो जायेगी। जिसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि कक्षा 10वीं की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होगी और 2 मार्च तक चलेगी। वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा 7 फरवरी से शुरू होगी और 5 मार्च तक चलेगी। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाओं का समय सुबह 9 से 12 बजे तक रहेगा। इन परीक्षाओं के आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग ने प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची बोर्ड को भिजवा दी है। जहां से जल्द ही अनुमोदन मिलने की संभावना है।**

शिक्षा विभाग के मुताबिक इस साल कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 127 केन्द्रों पर आयोजित होगी। इनमें 4 केंद्र अति संवेदनशील और 7 केंद्र संवेदनशील श्रेणी में शामिल किए गए हैं। जबकि दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाओं में बीते साल से कम परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड को जो प्रस्ताव भिजवाया गया है, उसमें बीते साल के 6 केंद्र कम कर दिए हैं, जबकि 7 केंद्र नए बनाए गए हैं।

#### इन परीक्षा केंद्रों का नाम संवेदनशील की श्रेणी में

जिले के 11 केंद्र अति संवेदनशील और अति संवेदनशील श्रेणी में शामिल किए गए




हैं। जिन 4 केंद्रों में स्वाध्यायी परीक्षार्थी शामिल होंगे, उन्हें अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इनमें कृषि बैतूल बाजार, गर्ग कॉलोनी बैतूल, एमएलबी बैतूल और हाईस्कूल सदर बैतूल शामिल हैं। वहीं संवेदनशील श्रेणी में कावला, बालक भैंसदेही, कन्या भैंसदेही, कन्या चिचोली, उत्कृष्ट भीमपुर, चीरापाटला और गुरवा पिपरिया आदि 7 केंद्र शामिल किए गए हैं। इन केंद्रों पर एक-चार की गार्ड तैनात रहेगी।

#### 6 परीक्षा केंद्र कम हुए, सात बढ़े

बताया जा रहा है कि जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड को जो प्रस्ताव भिजवाया गया है, उसमें बीते साल के 6 केंद्र कम कर दिए हैं, जबकि 7 नए केंद्र बनाए गए हैं। कम किए गए केंद्रों में मॉडल शाहपुर, कन्या शाला भौंरा, चूड़िया, कन्या शाला सारणी, एनबीएचएस कोठीबाजार बैतूल और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महतपुर शामिल हैं। इसी तरह नए बनाए गए केंद्रों में कन्या उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय शाहपुर, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदू, गुरूनानक स्कूल आमला, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चूनालोहमा, ब्रोनिक्स स्कूल बैतूल बाजार और गर्ग कॉलोनी हाईस्कूल बैतूल शामिल हैं। इन केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए पेयजल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी।

#### पिछले साल की अपेक्षा इस साल कम हुए परीक्षार्थी

इस साल बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या कम हुई है। बताया जा रहा है कि पिछले साल 2024-25 में कक्षा 10वीं और 12वीं के कुल 37300 नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल हुए थे, जबकि इस साल वर्ष 2025-26 में 34278 नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थी शामिल होगे। जिसमें हाईस्कूल परीक्षा में 18821 नियमित, 913 स्वाध्यायी इस तरह कुल 19734 परीक्षार्थी और हायर सेकेंडरी परीक्षा में 13250 नियमित, 1294 स्वाध्यायी, कुल 14544 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जबकि पिछले सत्र 2024-25 की हाईस्कूल परीक्षा में 19723 नियमित, 1226 स्वाध्यायी, कुल 21019 परीक्षार्थी और हायर सेकेंडरी परीक्षा में 13695 नियमित, 1586 स्वाध्यायी कुल 16281 विद्यार्थी शामिल हुए थे। पिछले साल की अपेक्षा 3022 परीक्षार्थी इस साल कम शामिल होंगे।

#### इनका कहना है

बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची बोर्ड को भिजवा दी है। इन पर जल्द ही अनुमोदन मिलने की संभावना है। 4 केंद्र अति संवेदनशील और 7 केंद्र संवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं।


-सुबोध शर्मा,
योजना अधिकारी, जिला शिक्षा कार्यालय बैतूल

### 20 फरवरी से शुरू होंगी 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाएं

**बैतूल।** कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर आधारित वार्षिक परीक्षाओं की तिथियों का ऐलान कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में 20 फरवरी 2026 से कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ होंगी। परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा केंद्र बैतूल द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राज्य शिक्षा केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। कक्षा 5वीं की परीक्षा 20 फरवरी 2026 से प्रारंभ होगी, जिसमें पहला प्रश्न पत्र हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू एवं मराठी विषय का होगा। कक्षा 5वीं की परीक्षाएं 26 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी। वहीं कक्षा 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षा भी 20 फरवरी 2026 से शुरू होगी, जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिला शिक्षा केंद्र द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। सभी शासकीय शालाओं को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यार्थियों का त्रुटिरहित पंजीयन एवं सत्यापन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा की गोपनीयता, प्रश्न पत्रों की सुरक्षित आपूर्ति, परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था एवं मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर भी योजना तैयार की जा रही है।

### रॉन्ग साइड और तेज रफ्तार का कहर

## पिकअप ने स्कूटी को रौंदा, दो बाइक आपस में टकराईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मोटर वाहन अधिनियम को ताक पर रखकर नेशनल हाईवे पर विपरीत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन चलाने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है। इसके चलते सडक़ दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, जिससे आमजन में भय का माहौल बन रहा है। बीती रात हाईवे पर दो अलग-अलग सडक़ हादसों ने एक बार फिर यातायात नियमों की अनदेखी के गंभीर परिणाम सामने ला दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर-एनएच-47 पर हतनापुर के पास बीती रात एक दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ। रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में आ रही एक पिकअप वाहन ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि इलेक्ट्रिक ओला स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसकी आवाज रात के सन्नाटे में दूर-दूर तक सुनाई दी। हादसे में स्कूटी चालक बीच सडक़ पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद सतीश बिंझाड़े सहित अन्य जागरूक नागरिकों ने तत्काल घायल को सडक़ से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया। लोगों ने पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस और पुलिस को बुलाया गया। घायल को तत्काल मुलताई के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घायल स्कूटी चालक ग्राम तुमड़ीडोल का निवासी है और देर रात मुलताई से अपने गांव लौट रहा था। फिलहाल पुलिस फरार पिकअप चालक की तलाश में जुटी हुई है। यह हादसा हाईवे पर रॉन्ग साइड ड्राइविंग और तेज रफ्तार के खतरे को एक बार फिर उजागर करता है।

#### दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर दो युवक घायल

मुलताई नेशनल हाईवे पर हवेली रेस्टोरेंट के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलें सडक़ पर दूर जा गिरीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, झिल्पन निवासी हेमराज ढोडी झीलपा से बैतूल की ओर जा रहे थे, जबकि एम. सिंह निवासी अरुण बैतूल से वरुण की ओर लौट रहे थे। हवेली रेस्टोरेंट के पास तेज रफ्तार में आ रही दोनों बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिससे दोनों सवार सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों की मदद की। सूचना पर ऑटो एंबुलेंस बुलाई गई और दोनों को मुलताई के शासकीय अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**बैतूल।** भीमपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह 3 महीने के मासूम बेटे को गोद में लेकर बैठी मां को सांप ने काट लिया। महिला की हालत बिगडती देख परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतिका की पहचान गुलहर ढाना गांव निवासी 25 वर्षीय जयवती बर्डे के रूप में हुई है। वह अपने पति राकेश और तीन बच्चों के साथ रहती थी। पति राकेश बर्डे ने बताया कि शुक्रवार सुबह जयवती घर के बाहर बर्तन मांजने के लिए बैठी थी। उसका तीन महीने का बेटा भी वहीं पास में था। काम करते वक्त अचानक कहीं से एक जहरीला सांप आया और जयवती को काट लिया। सांप काटने के तुरंत बाद पास ही स्थित एक गड्ढे में घुस गया। महिला ने शोर मचाया तो परिजन दौडक़र आए। परिजन उसे तुरंत भीमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।

## पुलिस थाना सारनी में अग्नि सुरक्षा व सेफ्टी इंडक्शन प्रशिक्षण संपन्न



**सारनी।** शुक्रवार को अग्नि सुरक्षा एवं सेफ्टी इंडक्शन कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत पुलिस थाना सारनी में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन सुरक्षा का प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में आगजनी से बचाव एवं त्वरित कार्रवाई की जानकारी प्रदान करना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में थाना प्रभारी सारनी जयपाल इवनाती, सब इंस्पेक्टर सुनील गौर, प्रीति पेलवार, सोनाली डोंग, प्रधान आरक्षक श्रीराम उइके सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा। अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निशमन अधिकारी जगदीश शेंडे, उप अग्निशमन अधिकारी हरिराम रघुवंशी, फायरमैन गौरव दुबे तथा तकनीकी सहायक अजय डांगी ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दौरान आग लगने की स्थिति में अग्निशमन यंत्रों के उपयोग, प्राथमिक सुरक्षा उपायों एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही क्लोरीन गैस जैसी खतरनाक गैस से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी गई। इस विषय पर मुख्य संरक्षा अधिकारी अमित बांसोड द्वारा विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अंत में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इसे अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आपात परिस्थितियों में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## अंबेडकर कालेज में मना वीर बाल दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भीमराव रामराव अंबेडकर शिक्षा महाविद्यालय, बैतूल में 26 दिसंबर को सिख सम्प्रदाय के 10 वें गुरु गोविंद सिंह जी के चारो पुत्रो की शहादत की याद में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि भिलाई छतीसगढ़ से प्रदीप अग्रवाल एवं महाविद्यालय के संचालक इंजी धुरव अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। संचालक अग्रवाल ने कहा की गुरू गोविंद सिंह ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए आपने पुरे परिवार को न्यौछावार कर दिया। प्राचार्य डॉ. देशमुख ने कहा की मुगल शासक औरंगजेब के अत्याचारो के कारण गोविंद सिंह को इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया, परन्तु पुरे परिवार ने अपने धर्म और सिद्धांतो से समझौता करने से इन्कार कर दिया। डॉ. गावंडे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस मनाने का उद्‌घदेश्य आज की पीढी को चारो साहेबजादो की शहादत को स्मरण कर उनकी वीर गाथा और अद्वितीय बलिदान से परिचय करवाना है।

## लोगों को नहीं मिल रही मूलभूत सुविधाएं

### 15 दिन जल सप्लाई 30 दिन का शुल्क, सफाई व्यवस्था भी ध्वस्त




**शाहपुर।** नगर परिषद शाहपुर द्वारा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। जिससे नागरिक परेशान है। हालात यह है कि लोग साफ सफाई, नाली, लाइट, जल व्यवस्था, इन सुविधाओं के प्रति लापरवाही नगर परिषद की लापरवाही से परेशान है।

नागरिक राजू गुप्ता, बसंत गुप्ता ने बताया कि नगर परिषद शाहपुर की कार्यप्रणाली के कारण लोग काफी परेशान है। यहां किसी प्रकार के कोई कार्य भी नहीं कराये जा रहे है। नगर परिषद अधिकारी अरुण श्रीवास्तव शाहपुर लंबी छुट्टी पर है। नगर परिषद अध्यक्ष भी नगर परिषद को देखरेख करने का कार्य सुचारू रूप से नहीं कर रहे है। नगर परिषद शाहपुर के द्वारा जलकर तो लिया जा रहा है, परंतु माह में केवल 15 दिन ही जल प्रदाय किया जाता है। जलकर पूर्ण दिवस 30 दिवस का लिया जाता है। सफाई का तो नामोनिशान नहीं है। नालियों की सफाई नहीं होने से गंदा पानी सडक़ों पर बह रहा है। विजय भवन में योग करने जा रहे नागरिकों ने बताया कि लगभग सप्ताह पूर्व यहां पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके नाश्ते की प्लेट और गंदगी विजय भवन में यथावत पड़ी है। जिससे योग करने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महेश परिहार और राजेश गुप्ता ने बताया कि नगर परिषद शाहपुर की साफ सफाई व्यवस्था से बहुत परेशान है। सप्ताह भर से नगर परिषद के कर्मचारियों से गुहार लगाने के बाद भी कचरा नहीं उठाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि विजय भवन नगर परिषद कार्यालय के बिल्कुल बाजू में है। यह नगर परिषद शाहपुर द्वारा ही निर्मित किया गया। जब इसकी साफ सफाई में इतनी लापरवाही है तो नगर की साफ-सफाई का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष विक्की रोहित नायक शाहपुर को जब फोन लगाकर समस्याओं के बारे में संपर्क करा गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### सामाजिक समरसता की मिशाल बना हिन्दू सम्मेलन

# संगठित व सबल समाज से ही होगा राष्ट्र का विकासः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

शोभापुर कालोनी जैरी चौक प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन में सामाजिक समरसता की मिशाल देखने को मिली। वैसे तो इस आयोजन को लेकर आयोजन समिति के लोगों ने विगत 15 दिनों पूर्व से घर-घर जाकर सम्पर्क अभियान चलाया था, जिसमें महिलाओं व पुरुषों दोनों ही टीमों ने बड चढक़र सहभागिता निभाई। समिति के अध्यक्ष रामजी नरवरे व संरक्षक पंडित प्रहलाद मिश्रा ने बताया की गुरुवार को आयोजित हिन्दू सम्मेलन में सर्वप्रथम भारत माता के छाया चित्र के सामने मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि वैसे तो शहर में समय समय पर धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों में एकता और अखंडता को लेकर आयोजन होते रहते थें लेकिन इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन को लेकर घर घर सम्पर्क अभियान चलाया गया था।

#### पदवेश व झांकियां रही कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र

धार्मिक आयोजनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा भोजन प्रसादी का कार्यक्रम होते आता है, लेकिन गुरुवार आयोजित हुएं हिन्दू सम्मेलन में श्रीमती वंदना मालवीय, फूल विश्वकर्मा, बाली सोनार, अनीता



सूर्यवंशी,लक्ष्मी बरगैय्या, अंजली प्रजापति, सुलेखा साहु, सोनी बरगैय्या, सीमा कहार ने बताया की पूरे आयोजन में कार्यकर्ताओं ने लोगों के प्रवेश रखने से लेकर स्वदेशी उत्पाद बैठने व भोजन प्रसादी तक की व्यवस्था सुनियोजित व्यवस्था ने सभी का मन मोह लिया साथ ही सरस्वती पुरानी, प्रतीक्षा तिवारी,हर्षा भालेराव,श्वेता सोनी, वर्षा गोहे, कौशल्या कड़वे ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन में आने वाले लोगों ने अपने-अपने स्थानों से सुंदर सुंदर झांकियों का निर्माण कर कार्यक्रम स्थल तक पहूचे जिसके कारण पूरे शहर में धार्मिक माहौल निर्मित हो गया।

#### सम्मेलन में साधु-संतों ने किया रूद्राक्ष वितरण

कोल नगरी में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में रूद्राक्ष वितरण साधु-संतों के माध्यम से कराया गया। धर्म जागरण के जोगेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि हिन्दू सम्मेलन को लेकर कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के प्राचीन कालीन मंदिर में स्थित भोलेनाथ की प्रतिमा पर सवा लाख महामृत्युंजय मंत्रों से अभिमंत्रित किया गया। जिसके उपरांत हिन्दू सम्मेलन इन रूद्राक्षों का वितरण किया गया। श्री सूर्यवंशी ने बताया की रूद्राक्ष वितरण के लिए नर्मदापुरम से प्रभुता व्यास व मढ़ई पिपरिया से भूरेलाल संत के अलावा स्थानीय पंडित आलोक मिश्रा, सहित अन्य संतों के माध्यम से हिन्दू समाज के लोगों को वितरित किया गया। रूद्राक्ष वितरण के दौरान ही ग्राम धसेड निवासी पप्पू मर्सकोले, प्रेमलाल, समीर, रीया, अंजली, अनुराधा धुर्वे, परेश ने रानी दुर्गावती के जीवन चरित्र पर गीत के माध्यम से समाज को बताने का प्रयास किया।

#### संगठित व सबल समाज के पंच परिवर्तन से ही होगा राष्ट्र का उत्थान

हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नरेन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि भागवत कथा वाचक प्रभुता व्यास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उपस्थित समाज के लोगों ने अपने अपने बच्चों को महापुरुषों की जीवनी के उपर महापुरुषों की ही वेशभूषा पहनकर उनके जीवन चरित्र के उपर अपने अपने शब्दों में विचार भी व्यक्त किया,उसके उपरांत भागवत कथा वाचक प्रभुता व्यास ने प्रेम और भाईचारे के साथ रहने की बात कहकर धार्मिक कथाओं के माध्यम से समाज को समझाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेंद्र यादव ने कहा कि संगठित समाज जब मजबूती के साथ खड़ा होता है तो देश को दिशा और दशा मिलती है।

## बैतूल-छिंदवाड़ा स्टेट हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

### आरटिका कार पेड़ से टकराई, ऑटो पलटकर सड़क पर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी




बैतूल-छिंदवाड़ा स्टेट हाईवे पर पाथाखेड़ा के पास शुक्रवार को एक भीषण सडक़ दुर्घटना हो गई। छिंदवाड़ा की ओर से आ रही आरटिका कार (एमपी 28 सीबी 7931) की सामने से आ रहे तीन पहिया ऑटो (एमपी 48 एल 1859) से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आरटिका कार सडक़ से उतरकर सीधे पेड़ से जा टकराई, जबकि ऑटो पलटकर सडक़ के बीचोंबीच गिर गया। हादसे में दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं ऑटो पूरी तरह पलटने से उसमें सवार लोगों में हडक़ंप मच गया। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि की सूचना नहीं है, हालांकि कुछ लोगों को चोटें आने की बात सामने आई है। हादसे के कारण कुछ समय तक हाईवे पर यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सडक़ से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## ज्ञानसागर इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

**सोहागपुर।** क्षेत्र के शिक्षण संस्थान ज्ञानसागर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष विद्यालय ने ग्रामीण परिवेश और ग्राम विकास की झलक दिखाने वाली अनूठी थीम 'पंचायत-2025' पर आधारित कार्यक्रम तैयार किए हैं।

### सांसद दर्शन सिंह होंगे उपस्थित

स्कूल प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्षिक उत्सव आयोजन में मुख्य अतिथि रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरी उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि रूप में सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह भी उपस्थित रहेंगे। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथि स्वागत तथा दीप प्रज्वलन उपरांत कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। स्कूल के वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राएं प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 'पंचायत-2025' थीम के माध्यम से विद्यार्थी देश की जमीनी राजनीति, विकास और सामाजिक ताने-बाने को कलात्मक रूप से प्रस्तुत करेंगे। ज्ञानसागर इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन ने इस गौरवशाली क्षण का साक्षी बनने के लिए क्षेत्रवासियों, अभिभावकों व विशिष्ट नागरिकों को आमंत्रित किया है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि आयोजन ना केवल बच्चों की कला को निखारने का मंच है, बल्कि क्षेत्र की जनता के साथ एक स्नेहिल मिलन का अवसर भी है।

### बैठकः सूचना वाहन पोर्टल पर ऑनलाइन देना होगी जानकारी

# बिना वैध प्राधिकार पत्र के पुराने वाहनों की खरीदी, बिक्री न करें विक्रेताः आरटीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम रिंकू शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय मोटरयान नियम, 1989 के नियम 55 ए के तहत कोई भी व्यक्ति बिना वैध प्राधिकार पत्र के पुराने वाहनों की खरीदी बिक्री का कार्य नहीं करेगा। उक्त नियम के तहत प्राधिकार पत्र हेतु संबंधित पंजीयन प्राधिकारी जिसके क्षेत्राधिकार में ऐसा डीलर अपना व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थापित करना चाहता है, को फॉर्म 29 ए में वाहन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। आवेदन के साथ रु. 25 हजार की फीस जमा की जाएगी।

उक्त आवेदन प्राप्त होने के 30 दिवस के अन्दर संबंधित पंजीयन प्राधिकारी द्वारा संतुष्ट होने पर नेपर डिजिटली फॉर्म 29 में प्राधिकार पत्र प्रदान किया जायेगा। उक्त आवेदन को अस्वीकृत किए जाने की स्थिति में पंजीयन प्राधिकारी द्वारा आवेदक को सुनवाई का अवसर देने उपरांत आवेदन अस्वीकृति करने का स्पष्ट उल्लेख लिखित में किया जाएगा। ऐसे उसके डीलर के पास उसके आधिपत्य के वाहनों को रखने हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध होना चाहिए तथा ऐसे वाहनों को आम रास्ते पर पार्क नहीं किया जायेगा। उक्त नियमों के नियम 55 वी के तहत वाहन स्वामी द्वारा उस पंजीयन प्राधिकारी जिसके कार्यालय में वाहन पंजीकृत है उनको फॉर्म 29 सी में प्राधिकृत डीलर को अपना वाहन सुपुर्द करने की सूचना वाहन पोर्टल पर ऑनलाइन देना होगी। उक्त फॉर्म पर वाहन स्वामी तथा प्राधिकृत डीलर द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षर किए जायेंगे तथा फॉर्म को वाहन पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा तथा पोर्टल पर उक्त फॉर्म सबमिट होते ही वाहन डेटाबेस में संबंधित प्राधिकृत डीलर का नाम डीम्ड ऑनर के रूप में प्रदर्शित होने लगेगा।

यदि किसी भी समय वाहन स्वामी प्राधिकृत डीलर से अपना वाहन वापस लेता है तो उसे उक्त प्रक्रिया अनुसार फॉर्म 29 डी में प्राधिकृत डीलर से अपना वाहन वापस लेने की सूचना वाहन पोर्टल पर ऑनलाइन देना होंगी तथा पोर्टल पर फॉर्म 29डी सबमिट होते ही वाहन डेटाबेस में संबंधित प्राधिकृत डीलर का नाम डीम्ड ऑनर के रूप में हट जायेगा। नियम 55सी के तहत ऐसा डीम्ड ऑनर वाहन से संबंधित दस्तावेजों यथा बीमा, पंजीयन, फिटनेस, पीयूसीसी आदि की वैधता तथा वाहन से संबंधित किसी भी घटना के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा तथा ऐसा प्राधिकृत डीलर फॉर्म 29सी के अंतर्गत प्राप्त अपने आधिपत्य के वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र/फिटनेस प्रमाण पत्र के नवीनीकरण, डुप्लीकेट पंजीयन प्रमाण पत्र, एनओसी तथा वाहन के स्वामित्व अतरण का आवेदन करने हेतु सक्षम होगा। प्राधिकृत डीलर को अपने आधिपत्य के वाहनों की सूचि फॉर्म 29 में इलेक्ट्रॉनिकली पोर्टल पर संधारित करना होगी। नियम 55डी के तहत प्राधिकृत डीलर नियम 55 के अंतर्गत अपने आधिपत्य के वाहनों का सार्वजनिक स्थलों पर निम्नांकित प्रयोजनों के अलावा उपयोग नहीं कर सकेगा। किसी संभावित खरीदार के फायदे के लिए उचित ट्रायल या डेमोस्ट्रेशन या प्रदर्शनी के लिए या पेंटिंग या मरम्मत के उद्देश्य से सर्विस सेंटर जाने या वहां से लौटने के लिए या रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट या फिटनेस सर्टिफिकेट के रिन्यूअल के उद्देश्य से होगा।

## रेलवे का करोड़पति टिकट चेकर, महेश लिंगायत ने टिकट जांच में बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में टिकट चेकिंग के क्षेत्र में एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित हुआ है जिसने पूरे रेल प्रशासन को गौरवान्वित कर दिया है। इटारसी डिपो में पदस्थ उप मुख्य टिकट निरीक्षक महेश लिंगायत ने वर्ष 2025 में बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वालों से एक करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल कर इतिहास रच दिया है।

### पमरे के पहले वन करोड़ क्लब सदस्य

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के कुशल निर्देशन में कार्यरत श्री लिंगायत ने 1 जनवरी 2025 से 26 दिसंबर 2025 के बीच कुल 14,195 मामलों से 1,00,96,705 रुपए का राजस्व अर्जित किया। इस आंकड़े के साथ वे पश्चिम मध्य रेलवे के ऐसे पहले टिकट जांच कर्मचारी बन गए हैं जिन्होंने एक ही कैलेंडर वर्ष में एक करोड़ का आंकड़ा पार किया है।

### कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी की मिसाल

वर्ष 2014 से टिकट जांच स्टाफ के रूप में सेवाएं दे रहे महेश लिंगायत अपनी अनुकरणीय कार्यशैली के लिए विभाग में पहले से ही चर्चित रहे हैं। उनकी इस असाधारण उपलब्धि पर भोपाल मंडल प्रशासन ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी।

### क्यों खास है यह उपलब्धि?

एक ही वर्ष में 1 करोड़ से अधिक का जुर्माना जमा करना किसी एक कर्मचारी के लिए बड़ी चुनौती होती है। अनुशासन का संदेश : यह उपलब्धि न केवल राजस्व से जुड़ी है, बल्कि रेल यात्रियों के बीच उचित टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता का कड़ा संदेश भी देती है। उनकी इस गौरवशाली उपलब्धि पर इटारसी डिपो सहित पूरे भोपाल मंडल में हर्ष का माहौल है।

## माहेश्वरी समाज ने विजय व प्रदीप मालपानी का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर में विगत दिनों मालपानी परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नानी बाई रा मायरो कथा का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कथा आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए की गई बेहतर व्यवस्थाओं और धार्मिक आयोजन की सफलता को लेकर माहेश्वरी समाज इटारसी द्वारा विजय मालपानी एवं प्रदीप मालपानी का उनके निवास स्थल पर सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य मेघराज ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। माहेश्वरी समाज के जिला सचिव प्रहलाद बंग ने मालपानी परिवार को इस पुण्य कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे आयोजनों से सकारात्मक दिशा मिलती है। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष रमेश चांडक, उपाध्यक्ष अनिल राठी, सचिव नीतेश राठी, केजी माहेश्वरी, प्रदीप तोतला, सतीश बांगड़ सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

## डीजल शेड रोड पर मौत बनकर घूम रहा सांड, किसान की बैलगाड़ी पलटी, नाले में गिराया प्रशासन की चुप्पी ले सकती है किसी की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के यार्ड से लेकर डीजल शेड और ग्राम भट्टी तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों राहगीरों के लिए डेथ जोन बन चुका है। यहां घूम रहे एक खूंखार लाल सांड ने आतंक मचा रखा है। ताजा घटना में इस सांड ने यूरिया लेकर जा रहे एक किसान की बैलगाड़ी पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे किसान की पूरी मेहनत नाले में गिर गई और मूक पशु जख्मी हो गए।

### किसान की जान पर बनी नाले में गिरी बैलगाड़ी

ग्राम भट्टी से आ रहे किसान सरवन सिंह राजपूत अपनी बैलगाड़ी पर यूरिया की बोरियां लादकर खेत की ओर जा रहे थे। तभी अचानक इस आवारा सांड ने बैलों पर हमला बोल दिया। सांड इतना आक्रामक था कि उसने पूरी बैलगाड़ी को पलटकर पास के नाले में धकेल दिया। किसान सरवन सिंह ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन उसकी यूरिया की बोरियां नाले में गिर गई और बैल जख्मी हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने कड़ी मशक्कत के बाद सांड को खदेड़ा, तब जाकर किसान की जान बच सकी।

### दो लोग पहले से अस्पताल में भर्ती

यह कोई पहली घटना नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार इस लाल सांड के हमले में ग्राम भट्टी के दो अन्य ग्रामीण पहले ही गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। दोनों को उपचार के लिए नर्मदापुरम में भर्ती कराना पड़ा है।

डीजल शेड मार्ग पर रोज हजारों रेल कर्मचारी और ग्रामीण गुजरते हैं, जिनके सिर पर हर वक्त जान का खतरा मंडरा रहा है। हजारों लोगों की आवाजाही वाले इस व्यस्त मार्ग पर लगातार हो रहे हमलों के बावजूद संबंधित अधिकारी कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने आक्रोश जताते हुए मांग की है कि इस हिंसक सांड को तुरंत पकड़कर कांजी हाउस भेजा जाए।

आवारा पशुओं के कारण होने वाली इन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। यदि समय रहते इस सांड को यहां से नहीं हटाया गया, तो किसी भी दिन डीजल शेड रोड पर कोई बड़ी जनहानि हो सकती है।

## विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति ने भक्तिभाव से किया तुलसी पूजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति इकाई द्वारा श्री स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर में पारंपरिक श्रद्धा और भक्ति के साथ तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सामूहिक भजन-कीर्तन किया।

पूजन के उपरांत सभी बहनों ने तुलसी माता की आरती की और दीप प्रज्ज्वलित कर विश्व शांति की कामना की। कार्यक्रम में जिला संयोजिका तरुणा सोनी और नगर संयोजिका अनीता तिवारी ने तुलसी के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। विहिप जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख अनुरुद्ध चंसौरिया ने बताया कि कार्यक्रम में अर्चना सातपुते, आशा गोस्वामी, ज्योति गोहिया और प्रमिला मालवीय सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## वर्धमान स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरुद्वारे में सीखे गुरु गोबिंद सिंह के संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मानस की जात सबै एकै पहचानबो गुरु गोबिंद सिंह के इस महान संदेश को आत्मसात करने के उद्देश्य से वर्धमान स्कूल द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। गुरु गोबिंद सिंह जयंती की पूर्व संध्या पर विद्यालय के कक्षा दूसरी के नन्हे विद्यार्थियों को स्थानीय गुरुद्वारे का भ्रमण कराया गया, जहां बच्चों ने धर्म, सेवा और सद्भाव का पाठ पढ़ा। ज्ञानी ने सिखाया एकता का मार्गभ्रमण के दौरान गुरुद्वारा के ज्ञानी जी ने विद्यार्थियों को गुरु गोबिंद सिंह के गौरवशाली जीवन और उनके महान विचारों से अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को बताया कि गुरु साहिब ने समाज को एकता और आपसी भाईचारे का मार्ग दिखाया था। सभी धर्म समान हैं और संपूर्ण मानवता एक ही परमात्मा की संतान है। जीवन में हमेशा मिल-जुलकर रहना चाहिए और आपसी प्रेम व सद्भाव को बनाए रखना ही सच्ची शिक्षा है। श्रद्धा के साथ टेका माथा, ग्रहण की प्रसादीगुरुद्वारे की शांत और आध्यात्मिक आभा के बीच सभी विद्यार्थियों ने पूरी श्रद्धा के साथ गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय की इस पहल का उद्देश्य किताबी ज्ञान से हटकर बच्चों में नैतिक मूल्यों और सर्वधर्म समभाव के संस्कार विकसित करना था। कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों को प्रेमपूर्वक प्रसादी वितरित की गई। संस्कारों का प्रैक्टिकल अनुभवयह भ्रमण केवल एक सैर नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक गहरा संस्कारपूर्ण अनुभव रहा।

शिक्षकों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में धार्मिक सद्भाव की भावना सुदृढ़ होती है और वे एक अच्छे इंसान बनने की ओर अग्रसर होते हैं।

## फ्रेन्ड्स चर्च में हर्षोल्लास से मनाया क्रिसमस, प्रार्थना और विविध कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के फ्रेन्ड्स चर्च में प्रभु यीशु का जन्मोत्सव क्रिसमस 25 दिसंबर को अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर चर्च में विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग शामिल हुए।

**साप्ताहिक कार्यक्रमों की रही धूमः** फ्रेन्ड्स चर्च में क्रिसमस की खुशियां केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। उत्सव के दौरान आयोजित प्रमुख गतिविधियों में विशेष प्रार्थना सभा हुई और बच्चों के लिए मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों में प्रीतिभोज, फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता, मसीही गीतों की संध्या, बाइबिल क्विज और कैंप फायर ने उत्सव के आनंद को दोगुना कर दिया। देश की सुख-समृद्धि के लिए की गई प्रार्थना इस अवसर पर मसीही परिवारों ने प्रभु यीशु से अपने शहर, प्रदेश और देश की सुख, शांति तथा संपन्नता के लिए सामूहिक प्रार्थना की। समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर क्रिसमस की बधाई दी और भाईचारे का संदेश दिया।

## श्रीमद भागवत कथा शुरू सच्ची श्रद्धा से पापी भी भवसागर पार हो जाता हैः कथाव्यास राधा देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



श्रीमद भागवत कथा जीवन की व्यथा मिटाती है। कथा में पापी से पापी भी भवसागर से पार उतर जाता है, बस सच्ची श्रद्धा होनी चाहिए। धुंधकारी एक महापापी था उसने जब गोकर्ण से श्रीमद्भागवत कथा को सुना तो वह भी भवसागर से पर हो गया। उक्त उद्गार महामंडलेश्वर भैयादास महाराज के सानिध्य में ब्रजभूमि गोवर्धन से पधारी साध्वी राधादेवी जी ने न्यास कॉलोनी स्थित वृंदावन गार्डन में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन कथा का महत्व सुनते हुए व्यासपीठ से व्यक्त किए। शुक्रवार सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक शामिल हुए। व्यासपीठ से नागरिकों को संबोधित करते हुए कथाव्यास ने कहा कि वर्तमान में कथा आपके छोटे-छोटे बच्चों तक जानी चाहिए, क्योंकि कथा सुनने से संस्कार आते हैं।

संस्कार, जो जीने की कला सिखाते हैं, जीवन कैसे जीना चाहिए यह कथा ही बताती है। कथा अपने माता-पिता से अपने परिवार से और देश से मातृभूमि से प्यार करना सिखाती है। कथा जीव को जीव से प्रेम करना सिखाती है। अगर अपना जीवन सार्थक करना है तो अपने जीवन में कथा को उतारना ही है।

कथा स्वार्थ के लिए नहीं कथा परमार्थ के लिए भी होनी चाहिए, जो कथा परमार्थ के लिए होती है वह अपना तो कल्याण करती ही यह साथ-साथ सभी अपने मिलने वालों का भी परिवार पालने और देश के जन-जन कल्याण भी करती है। कथाव्यास ने कहा कि सिक्खों के सभी गुरुओं ने धर्म के लिए देश के लिए सनातन के लिए अपने सहित बच्चों का भी बलिदान दिया है उनसे हम सभी को सीख लेनी चाहिए।

## कामती सरकारी स्कूल में लगा कॅरियर काउंसलिंग शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामती रंगपुर में शुक्रवार को कॅरियर काउंसलिंग शिविर व वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें आईटीआई शिक्षक विजेन्द्र वर्मा, रेशम केन्द्र अधिकारी एमएल प्रजापति एवं कपिल जयदेव ने छात्र छात्राओं को कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन दिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को बताया कि कैरियर चयन में किन बातों का ज्ञान विशेष रूप से रखा जाना चाहिए। साथ ही बताया कि रुचि आधार पर कार्यक्षेत्र चयन करना श्रेयस्कर होता है। कार्यक्रम में प्राचार्य लक्ष्मी ककोड़यिा, जेपी कसेरा, अजय डोगरा, तुलाराम अहिरवार एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।

### अटल जयंती पर दी गई श्रृद्धांजलि, हुए आयोजन

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी शिखर पुरुष को पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, प्रखर वक्ता और करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती वार्ड-12 में मनाई। भाजपा नगर मंडल इटारसी का कार्यक्रम न्यू गरीबी लाइन स्थित सोशल मीडिया प्रभारी मयूर मालवीय के निवास पर हुआ।

पार्टी ध्वज के समक्ष दी गई श्रद्धांजलिवार्ड-12 के बूथ क्रमांक 173, 174 और 179 के कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से एकत्र होकर पार्टी ध्वज के समक्ष अटल जी के तैल चित्र पर तिलक लगाया, दीप प्रज्वलित किया और माल्यार्पण कर भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान अटल बिहारी अमर रहें और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

### अटल जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति के पूर्व सदस्य विश्वनाथ सिंघल ने अटल जी को याद करते हुए कहा कि वे एक कुशल संगठक, युगद्रष्टा कवि और महान राष्ट्र विचारक थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ अटल जी के जीवन के अनछुए पहलुओं और उनके प्रेरणादायक विचारों को साझा किया।

कार्यक्रम में डॉ. नीरज जैन विधायक प्रतिनिधि एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष, निर्मल सिंह राजपूत उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, पार्षद मंजीत कलोसिया, अमित विश्वास, महिला मोर्चा से जागृति भदौरिया, सुष्मिता विकास दुबे, अनीता राजपूत, हेमलता कदम, सरला लोट एवं नीतू सराठे, वरिष्ठ नेता कैलाश रैकवार, लक्ष्मी नारायण चौहान, मिथिलेश गोस्वामी, शेख नासिर खान, विकास दुबे, दिनेश तिवारी, सचिन प्रधान, करन बरगले और रौनक तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर किया विरोध प्रदर्शन



**नर्मदापुरम।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार एवं जलाकर मारने के विरोध में विश्वहिंदू परिषद बजरंगदल द्वारा बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला जलाया गया। एवं नारेबाजी की गई। इस अवसर पर मध्य भारत प्रांत के प्रांत संयोजक अबधेश जी तिवारी प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल जिला संयोजक रोहित ठाकुरजिला सह संयोजक रूपेश रघुवंशीजिला गौ रक्षा प्रमुख नितेश ठाकुर,विनय ठाकुर,संजय लोधी,गजेंद्र ठाकुर, कृष्णा चौरसिया,दुर्गेश सराठे एवं अन्य साथियों ने जुलूस निकाला।

**जाहिर सूचना**

मेरे पक्षकार वृद्धि होम फायनेन्स लिमिटेड, 19/7 रेस्ट हाउस के पीछे, एस.बी. आई. के पीछे, कोठी बाजार, नर्मदापुरम म.प्र. की ओर से इस जाहिर सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है कि श्रीमती रानू शर्मा पत्नि श्री अंकित शर्मा निवासी केरियर स्कूल के पास, आदर्श नगर, आई.टी. आई. रोड, होशंगाबाद म.प्र. द्वारा मेरी पक्षकार कम्पनी से ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें पुराने क्रेता हरप्रीत सिंह आनन्द आ. श्री सुरजीत सिंह आनन्द निवासी नरसिंगगली, होशंगाबाद द्वारा क्रय की गई थी उक्त रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। जो विक्रेता रेनका सोनी पिता स्व. श्री रमेशचंद्र सोनी निवासी पटवारी कालोनी होशंगाबाद द्वारा बेची गई संपत्ति जो कि लिंक रजिस्ट्री हरप्रीत सिंह आनन्द आ. श्री सुरजीत सिंह आनन्द द्वारा क्रय की गई थी उक्त सपत्ति खसरा नं. 2/27, प्लाट नं. 2, का रकबा 675 वर्गफुट स्थित मौजा डोंगरी, वार्ड नं. 14, प.ह.नं. 17, शहर होशंगाबाद तह. व जिला होशंगाबाद जिसका दस्तावेज क्र. एम. पी. 169782016ए1207287 दिनांक 31.03.2016 एवं प्रिंट दिनांक 2.4.2016 है जिसकी चतुरसीमा पूर्व में- शेर सिंह नागोरिया का मकान, पश्चिम मे- मोहनपुरी का प्लाट नं. 1, उत्तर में- भार्गव जी का मकान, दक्षिण में- रास्ता स्थित है की जो मूल रजिस्ट्री की लिंक रजिस्ट्री गुम हो गई है उपरोक्त वर्णित दस्तावेज आवेदक द्वारा अपने संपूर्ण संभव प्रयासो से खोज किये जाने पर भी उपलब्ध नहीं है। दस्तावेजो के गुम होने की सूचना आवेदक द्वारा पुलिस थाने में दिनांक 26.12.2025 को सूचना प्रदान कर दी गई है। आवेदक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक रख आवास ऋण चाहा गया है। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति का उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति में कोई हित निहित हो एवं किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अशासकीय वित्तीय संस्थाओं को यदि किसी तरह की कोई आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में या मेरी पक्षकार कम्पनी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर उपरोक्त वर्णित भूमि से संबंधित दस्तावेजों सहित आपत्ति पेश करें। 7 दिवस पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। अतः उपरोक्तानुसार सूचना जाने।

**योगेश कुरापा** अधिवक्ता
कार्या.: श्री साई लॉ चेम्बर, प्रथमतल, साई सुपर बाजार, मीनाक्षी चौक, होशंगाबाद मो.नं. 9340692669

## खबर संक्षेप



### संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा कल से

**हरदा।** नगर हरदा में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य एवं संगीतमय आयोजन किया जा रहा है। यह सात दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन 28 दिसंबर रविवार से प्रारंभ होकर 3 जनवरी शनिवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक पं. विद्याधर उपाध्याय द्वारा किया जाएगा। जो अपने मधुर वाणी, संगीतमय प्रस्तुति एवं गूढ़ शास्त्रीय व्याख्या के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से 04 बजे तक श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का रसपान कराएगी। कथा के प्रथम रविवार को प्रातः 10 बजे कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष सहभागिता करेंगे। वहीं 03 जनवरी 2026 (शनिवार) को विधिवत पूर्णाहुति संपन्न होगी। यह आयोजन श्री अड्डे वाले बालाजी मंदिर, कच्छ कड़वा धर्मशाला के पीछे, पुरानी गल्ला मंडी, हरदा में आयोजित होगा। आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं महिला मंडल एवं आप-हम-सब द्वारा की जा रही हैं।

### आज शहर के आधे हिस्से में बंद रहेगी बिजली

**हरदा।** शहर में शनिवार दोपहर 10 बजे से 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह व्यवधान 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर, इंदौर रोड, खेड़ीपुरा, रेलवे और कोर्ट फीडर से संबंधित क्षेत्रों में होगा। उपकेंद्र के अंदर नई बस बार और कंडक्टर स्ट्रिंगिंग कार्य के कारण यह बिजली कटौती की जाएगी। बिजली कंपनी के जेई राकेश सिलोरे ने बताया कि इससे सिंधी कॉलोनी, विपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक बिहार, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज, अवस्थी कंपाउंड, फाइल वार्ड और कुलहरदा जैसे इलाके प्रभावित होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कार्य की आवश्यकतानुसार बिजली कटौती के समय को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

### मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के 9 प्रकरण दर्ज

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजन के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दल ने गुरूवार को मदिरा के अवैध विक्रय व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि आबकारी विभाग के दल ने जिले के ग्राम सन्यासा, कामल्या ढाबा, शीतल ढाबा, राजपूत ढाबा करताना, छीपानेर, गोदड़ी, गोंदागांव, खेड़ीपुरा व पीलियाखाल में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 36 पाव देशी मदिरा प्लेन, 32 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 730 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 9 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 82100 रूपये है।

### उच्च शिक्षा विभाग चलाएगा कॉलेज चलो अभियान

**हरदा।** शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों को जागरुक करने के लिए विभाग द्वारा प्रदेश में एक माह तक कॉलेज चलो अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों में पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को महाविद्यालयों में चलाए जा रहे पाठ्यक्रम, संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए जागरूक किया जाएगा। अभियान का पहला चरण 5 जनवरी तक चलेगा। अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार की जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने समस्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव और महाविद्यालयों के प्राचार्य को निर्देश दिए हैं।

---

ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता, स्वच्छता और अतिथि सत्कार पर रखा जाए ध्यान

# पर्यटन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा खारी गांव, पर्यटकों का हो ग्राम होम स्टे



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले का खारी ग्राम होमस्टे पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से अपनी अलग पहचान बना रहा है। प्राकृतिक वातावरण, ग्रामीण संस्कृति और स्थानीय आतिथ्य के कारण यह होमस्टे पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है।

कलेक्टर बालगुरुके ने खारी ग्राम स्थित होमस्टे का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने होमस्टे की व्यवस्थाओं, पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता की जानकारी ली। कलेक्टर ने होमस्टे संचालकों चर्चा करते हुए कहा कहा कि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता, स्वच्छता और अतिथि सत्कार पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि होमस्टे से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे जिले की पर्यटन संभावनाओं को और विस्तार मिल सके।

### क्या है स्टे पर्यटन

मध्यप्रदेश को अपनी समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। अब हमारा यही प्रदेश एक नए प्रयोग से पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है, जिसका नाम है होम स्टे पर्यटन। होम स्टे पर्यटन का अर्थ है कि पर्यटक किसी होटल के बजाय स्थानीय लोगों के घर में ठहरते हैं। इससे उन्हें न केवल घर जैसा वातावरण मिलता है, बल्कि वे स्थानीय संस्कृति, भोजन, लोककला और परंपराओं से प्रत्यक्ष रूप से परिचित भी हो पाते हैं।

### खारी गांव होम स्टे पर्यटन के नक्शे पर

मध्यप्रदेश पर्यटन ने होम स्टे योजना की शुरुआत कर स्थानीय युवाओं और परिवारों को इस क्षेत्र से जोड़ने का प्रयास किया है। इसके तहत सीहोर जिले के खारी गांव सहित भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खजुराहो, ओरछा, मांडू, पचमढ़ी, पन्ना, कान्हा और बांधवगढ़ जैसे पर्यटन स्थलों के आस-पास तेजी से होम स्टे विकसित हो रहे हैं। सीहोर जिले का खारी गांव आज ग्रामीण होम स्टे पर्यटन का एक उदाहरण बन चुका है। यहाँ लोग अपने घरों को पर्यटकों के लिए खोल रहे हैं।

### सादगी, आत्मीयता और प्राकृतिक सौंदर्य

पर्यटक यहाँ ठहरकर ग्रामीण जीवन, खेत-खलिहान, पारंपरिक खानपान और लोक संस्कृति का आनंद ले रहे हैं। कई पर्यटकों ने बताया कि खारी गांव की सादगी, आत्मीयता और प्राकृतिक सौंदर्य उन्हें पसंद आ रहा है। यही सौंदर्य अब विदेशी पर्यटकों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। गाँव की महिलाएं अपने पारंपरिक व्यंजन जैसे दाल-बाटी, मिठाई, चाय और पारंपरिक व्यंजन परोसकर पर्यटकों का स्वागत करती हैं। गांव के युवा गाइड बनकर गाँव की कहानी, खेती-किसानी की जानकारी और लोकगीतों का अनुभव कराते हैं।

### स्थानीय रोजगार को बढ़ावा और संस्कृति का प्रचार

होमस्टे पर्यटन से खारी गांव में स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिला रहा है और यहां के परिवारों को आय का स्त्रोत मिला गया है। होम स्टे पर्यटन स्थानीय स्तर पर रोजगार तो उपलब्ध करा ही रहा है, बल्कि यह हमारी और हमारे प्रदेश की सांस्कृति का संरक्षण और प्रचार भी कर रहा है। हमारी लोककला, संगीत, नृत्य और पारंपरिक खानपान को नई पहचान मिल रही है।

### बड़े होटलों के मुकाबले सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल

होम स्टे मॉडल बड़े होटलों के मुकाबले पर्यावरण के अनुकूल है और महिलाएँ एवं युवा आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। आज मध्य प्रदेश में होम स्टे पर्यटन एक सफलता की कहानी बन चुका है। यह न केवल पर्यटन उद्योग को नई दिशा दे रहा है, बल्कि गाँव-गाँव में आर्थिक सशक्तिकरण के साथ ही गौरवशाली सांस्कृति को देश-दुनियां के सामने प्रस्तुत भी कर रहा है। सीहोर का खारी गांव इस बात का प्रमाण है कि यदि सही दिशा और अवसर मिले तो छोटा सा गाँव भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकता है।

---

शिवानुजा प्ले स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

## विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य, लंबाई, वजन शारीरिक व मानसिक विकास जांचा गया





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

बिजनेस न्यूज

बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शिवानुजा प्ले स्कूल, हरदा में गत दिवस एक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में शहर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन सोमानी ने बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की। शिविर के दौरान डॉ. सोमानी ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के सामान्य स्वास्थ्य, लंबाई, वजन, शारीरिक एवं मानसिक विकास, पोषण स्तर तथा मौसमी बीमारियों से जुड़ी आवश्यक जाँचें कीं। इसके साथ ही उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के संतुलित आहार, दिनचर्या, टीकाकरण और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने को लेकर विस्तार से जानकारी दी। स्वास्थ्य जाँच के समय बच्चों के पालक व अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉक्टर से व्यक्तिगत रूप से अपने बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे और उचित परामर्श प्राप्त किया।

अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन द्वारा की गई इस पहल को अत्यंत उपयोगी और सराहनीय बताया। विद्यालय प्रबंधन से संचालक विभूति गौर ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है और भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। यह स्वास्थ्य शिविर बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अभिभावकों को सही दिशा में मार्गदर्शन देने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास साबित हुआ। इस अवसर पर समीक्षा त्यागी, सुधा ठाडा, ऋतु राजपूत, भावना वर्मा, माधुरी शर्मा, आनंद गौर,अनिमेष देवड़ा सहित अन्य उपस्थित थे।

---

उपभोक्ताओं पर 7.63 लाख की राशि बकाया

## बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, बिल जमा नहीं किए तो निकाला ट्रांसफार्मर




**रहटगांव।** वर्तमान दिनो में बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल बकायादारों पर बड़ी कार्रवाई की जा रही है। ग्राम सिंगनपुर में 79 उपभोक्ताओं पर 7.63 लाख की बकाया राशि में पर ग्राम के 2 नम्बर ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग द्वारा उतार लिया गया है। एवं वितरण केंद्र प्रभारी तरुण वर्मा ने उपभोक्ताओं को समझाया भी है कि वर्तमान में मध्यप्रदेश शासन द्वारा समाधान योजना चलाई जा रही जिसमे 31 दिसंबर 2025 तक 100% सरचार्ज माफ किया जा रहा । जिसमे उपभोक्ता बिल जमा करके अपने सरचार्ज में छूट का लाभ ले सकते है। और अपने लंबित बिल का भुगतान कर सकते है। तरुण वर्मा ने यह भी बताया है की वितरण केंद्र के ऐसे ट्रांसफार्मर जिन पर बिजली बिल बकाया है। और उपभोक्ता बिल का भुगतान नहीं कर रहे है । उन्हें चिन्हित कर लिया गया है । उन्हें तेजी से उतार कार्यालय लाया जाएगा। उपभोक्ताओं से अपील है कि तत्काल बकाया बिजली बिल का भुगतान करे और अप्रिय कार्रवाई से बचे।

---

अवैध रेत उत्खनन करने वाले माफिया पर कार्रवाई

## रेत निकालने वाली चार नाव, पनडुब्बी सहित जब्त



**हरदा।** टिमरनी एसडीएम एसके नागू ने गुरुवार देर शाम को नर्मदा के छीपानेर व बिरजाखेड़ी तट पर अवैध रेत उत्खनन करने वाले माफिया पर कार्रवाई की। इस दौरान अवैध तरीके से रेत निकालने वाली चार नाव पनडुब्बी सहित जब्त की। देर रात तक चली कार्रवाई के दौरान जेसीबी से तट पर जगह- जगह लगे रेत के ढेर वापस नर्मदा में बहाए गए।

इस दौरान खनिज व पुलिस कर्मी मौजूद रहे। एक दिन पहले आधी रात के बाद खनिज विभाग ने भमौरी में कार्रवाई की थी। इससे रेत माफिया में हड़कंप मच गया। टिमरनी एसडीएम नागू के मुताबिक शाम करीब 5.30 बजे टीम के साथ कार्रवाई की। इस दौरान रेत निकालने वाली चार नाव पनडुब्बी सहित जब्त की। संयुक्त रूप से पंचनामा बनाया गया। खनिज विभाग ने पंकज केवट पर केस दर्ज किया। इस दौरान खनिज अधिकारी प्रगति सोनवाने मौजूद थीं। माफिया ने छीपानेर में तट पर जगह- जगह रेत के ढेर लगा रखे थे। हरदा जिले में नर्मदा नदी पर एक भी खदान चालू नहीं है फिर भी रेत का अवैध तरीके से खनन लगातार जारी है। टिमरनी एसडीएम नागू के अनुसार देर रात तक चली कार्रवाई में जेसीबी बुलाकर रेत के ढेर वापस नर्मदा में बहाए गए। रात करीब 8 बजे तक कार्रवाई चलती रही। टिमरनी एसडीएम ने कहा कि अवैध रेत खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

---

गुरु गोबिंद सिंह के बेटों के बलिदान के सम्मान में वीर बाल दिवस मनाया

## वीर बाल दिवस पर आयोजित की गईं प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



वीर बाल दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 55 में ड्राइंग कॉम्पीटीशन, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताएं तथा कहानी, कविता व फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे ने बताया कि हर वर्ष 26 दिसम्बर को पूरे देश में गुरु गोबिंद सिंह के बेटों के बलिदान के सम्मान में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह के बेटे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने 8 वर्ष एवं 5 वर्ष की छोटी उम्र में ही अपनी जान न्याछावर कर दी थी। इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी भारती भल्लावी, पर्यवेक्षक पूजा चौहान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीनू लाहौर, मुनेश उमरिया, सुनीता चौरे सहित अधिकारी कर्मचारी व बच्चे उपस्थित थे।

---

न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस, स्वास्थ्य विभाग ने शीतलहर को लेकर एडवाइजरी जारी की

**बंद कमरे में अंगीठी-कोयला जलाने से बचें**



**सीहोर।** जिले में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले दो सप्ताह से सीहोर शीतलहर की चपेट में है। बढ़ती ठंड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से स्थानीय संचार माध्यमों के जरिए मौसम पूर्वानुमान की नियमित जानकारी लेने और निर्देशों का पालन करने को कहा है। ठंड के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और घर के अंदर रहने की सलाह दी गई है।

### ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें

एडवाइजरी में कहा गया है कि लोग ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनें और सिर, गर्दन, हाथ व पैरों को पूरी तरह ढककर रखें। लंबे समय तक ठंड में बाहर न रहने की हिदायत दी गई है।

विटामिन-सी और गर्म तरल पदार्थ लेने की अपील

विभाग ने रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन-सी युक्त फल-सब्जियां खाने और गर्म तरल पदार्थ पीने की सलाह दी है। आसपास रहने वाले बुजुर्गों और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

### इन लक्षणों पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें

नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू, नाक से खून आना जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की गई है।

### बंद कमरे में अंगीठी कोयला जलाने से बचें

स्वास्थ्य विभाग ने बंद कमरों में अंगीठी, फायर पॉट या कोयले के इस्तेमाल से सख्त चेतावनी दी है। इससे कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा होता है, जो जानलेवा हो सकता है।

**हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट मेडिकल इमरजेंसी** :शीतलहर के दौरान त्वचा का सफेद पड़ना फ्रॉस्टबाइट का संकेत हो सकता है। कपकपी, मांसपेशियों में अकड़न, बोलने में दिक्कत, अत्यधिक नींद, सांस लेने में परेशानी या बेहोशी हाइपोथर्मिया के लक्षण हैं। ऐसे में व्यक्ति को तुरंत गर्म कपड़े पहनाकर गर्म स्थान पर रखें और हालत बिगड़ने पर फौरन अस्पताल ले जाएं। एडवाइजरी में शराब सेवन न करने, फ्रॉस्टबाइट से प्रभावित अंगों को न रगड़ने और बेहोश व्यक्ति को तरल पदार्थ न पिलाने की स्पष्ट सलाह दी गई है।

---

1 करोड़ 50 लाख की लागत से कई सड़कों का होगा डामरीकरण

## कायाकल्प योजना में सड़कों का डामरीकरण नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने लिया कार्य का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर में नगर पालिका द्वारा कायाकल्प योजना के तहत सड़कों के डामरीकरण का काम किया जा रहा है, जिसमें सड़कों की मरम्मत का निर्माण शामिल है। इसके लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए हैं और कार्य तेजी से चल रहे हैं। गुरुवार को सुबह नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शहर के बड़ा बाजार में जारी डामरीकरण का जायजा लिया और डामरीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। शहर के छावनी में कायाकल्प योजना के अंतर्गत मेन रोड, खजांची लाइन आदि मार्गों का डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। छावनी निवासी महेश पारिक ने कहाकि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा शहर के अनेक स्थानों पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शहर की हृदयस्थली बड़ा बाजार में डामरीकरण कार्य चल रहा है। निःसन्देह बड़ा बाजार को डामरीकरण की बहुत आवश्यकता थी,, बस अब इसका सौंदर्यीकरण और हो जाये तो हमारे बाजार की शोभा और बढ़ जाएगी। डामरीकरण कार्य का जायजा लेने नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर पार्षदों के साथ पहुंचे थे। जिससे आने वाले दिनों में लोगों को राहत मिलेगी। वार्डों में जारी सड़कों निर्माण के साथ नालियों का निर्माण भी किया जा रहा है। इसके अलावा कायाकल्प योजना के अंतर्गत करीब 1 करोड़ 50 लाख की लागत से अनेक सड़कों का डामरीकरण आदि कार्य शीघ्र ही पूर्ण किया जाएगा।